# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक 12.09.2021**

**थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 02 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री यमुना प्रसाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री अवधेश सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रामनगर श्री दिनेश कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मसौली मय हमराह पुलिस बल के साथ तलाश वांछित/चेकिंग में थे। चेकिंग के दौरान आज दिनांक 12.09.2021 को समय करीब 15.30 बजे, थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नेवला करसण्डा से आई.टी.आई. रोड पर जंगल के पास 02 शातिर अभियुक्त 1. दिनेश रावत पुत्र श्रीकेशन निवासी दौलतपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी व 2. अल्ताफ हुसैन पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम नरायनपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, जिसमें हे0का0 राम नयन थाना मसौली घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में अभियुक्तगण उपरोक्त घायल हो गये। घायल अभियुक्तगण एवं हे0का0 उपरोक्त को उपचार हेतु सी.एच.सी बड़ागांव ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मसौली पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त दिनेश रावत द्वारा दिनांक-07.09.2021 को लगभग 10 वर्ष से अपने साथ रह रही महिला पर बच्चे लेने के विवाद को लेकर जानलेवा हमला किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मसौली पर मु0अ0सं0-214/21 धारा 307/452/506 भादवि पंजीकृत किया गया था ।

**<u>पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

1- दिनेश रावत पुत्र श्रीकेशन निवासी दौलतपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

2- अल्ताफ हुसैन पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम नरायनपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

1- एक अदद पिस्टल .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस,

2- एक अदद तमंचा 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस

3- एक अदद मोटर साइकिल XCD – UP 41 J 7206

4. एक अदद सम्बन्धित चाकू (थाना मसौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 214/21 से सम्बन्धित)

**आपराधिक इतिहास (अभियुक्त दिनेश रावत उपरोक्त)-**

1. मु0अ0सं0-33/92 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी ।

2. मु0अ0सं0- 12/2004 धारा 364/302/201 भादवि, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।

3. मु0अ0सं0- 214/21 धारा 307/452/506 भादवि थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

**पुलिस टीम-**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री सुमित कुमार श्रीवास्तव थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

2- व0उ0नि0 श्री रामकृपाल सिंह थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

3-उ0नि0 श्री कन्हैया पाण्डेय, उ0नि0 श्री धनीराम थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

4-हे0का0 राम नयन, हे0का0 फतेहबहादुर वर्मा, थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

5-का0 आमीन मोहम्मद थाना मसौली जनपद बाराबंकी।